# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

## वित्त समिति की कार्यवृत्ति

वित्त समिति की बैठक दिनांक 28 अगस्त, 2017 को सांय 4.00 बजे प्रशासनिक भवन कुलपति कार्यालय में आहूत की गयी।

बैठक में निम्न अधिकारीगण उपस्थित रहेः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डा0 एस. पी. सिंह | कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 यू0एन0 द्विवेदी | प्रतिकुलपति | सदस्य |
| 3. | श्री के.सी. राय शर्मा, | उप– सचिव, उच्च शिक्षा उ0प्र0 शासन। | सदस्य |
| 4. | श्री केशव प्रसाद, | उप–सचिव (वित्त विभाग), उ0प्र0 शासन। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 आर. के. सिंह | कुलसचिव | सदस्य |
| 6. | प्रो0 ए. के. शर्मा, | परीक्षा नियंत्रक | सदस्य |
| 7. | प्रो0 पी. सी. मिश्र | वित्त अधिकारी | सचिव सदस्य |

**बिन्दु संख्या–01**

वित्त समिति की गत बैठक दिनांक 24 अप्रैल, 2017 की कार्यवृत्त एवं अनुपालन आख्या समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी जिस पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–2**

**(क)** लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किया गया वित्तीय वर्ष 2017–18 का आयोजनेत्तर/स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम/ आयोजनागत/ विकास निधि/अभियांत्रिकी संकाय का आय–व्ययक विचार–विमर्श हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आय–व्ययक का विवरण निम्नवत् हैः–

1. आयोजनेत्तर पक्ष में कुल अनुमानित आय रू0 1,19,70,18,000/–(उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त अनुदान को सम्मिलित करते हुए) के सापेक्ष कुल अनुमानित व्यय रू0 1,66,88,32,000/– मात्र का आय–व्ययक प्रस्तुत किया गया। विचार–विमर्श के उपरान्त समिति के द्वारा आय–व्ययक पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि आय एवं व्यय के अन्तर रू0 47,18,14,000/– मात्र का अतिरिक्त अनुदान प्राप्त करने हेतु शासन को एक तथ्यपरक प्रस्ताव भी प्रेषित किया जाए।
2. स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम में कुल आय रू0 40,29,27,000/– के सापेक्ष कुल व्यय रू0 37,99,82,275/– मात्र का आय–व्ययक वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, प्रस्तुत आय–व्ययक में उपकरण, वृहद निर्माण, निष्प्रयोज्य वाहनों के सापेक्ष नये वाहनों के कय पर भी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।
3. समिति के समक्ष आयोजनागत पक्ष में कुल रू0 4,59,,43,45,562/– मात्र की कार्य योजनाएं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की गयीं, जिसपर समिति के द्वारा द्वितीय परिसर में 500 सीटों क्षमता के स्थान पर 1000 क्षमता का आडिटोरियम तथा विश्वविद्यालय प्रथम परिसर में 1000 सीटों के स्थान पर 1500 क्षमता का आडिटोरियम का आगणन तैयार करने के निर्देश दिये गये तथा आयोजनागत आय–व्ययक पर उक्त संशोधन के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया।

28/8/2017 28/08/17 28/8/2017

4. समिति के समक्ष विकास निधि का आय–व्ययक प्रस्तुत किया गया, जिसमें स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों की बचत एवं विकास मद में हस्तांतरण के फलस्वरूप एकत्रित धनराशि रू0 16,46,92,000/– मात्र के सापेक्ष रू0 16,46,63,000/– मात्र के प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।
5. समिति के समक्ष अभियांत्रिकी संकाय का आय–व्ययक प्रस्तुत किया गया, जिसमें अभियांत्रिकी संकाय के छात्र/छात्राओं से प्राप्त शुल्क रू0 2,40,00,000/– के सापेक्ष रू0 2,39,60,000/– मात्र का आय–व्ययक प्रस्तुत किया गया, जिस पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(ख)** लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कला एवं शिल्प महाविद्यालय द्वारा तैयार किया गया वित्तीय वर्ष 2017–18 का आयोजनेत्तर/आयोजनागत/स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम का आय–व्ययक समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आय–व्ययक का विवरण निम्नवत् हैः–

1. कला एवं शिल्प महाविद्यालय के सामान्य निधि आय–व्ययक आयोजनेत्तर पक्ष में कुल अनुमानित आय रू0 1,39,20,000/–(उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त अनुदान को सम्मिलित करते हुए) के सापेक्ष कुल अनुमानित व्यय रू0 5,04,28,000/–मात्र का आय–व्ययक प्रस्तुत किया गया। विचार–विमर्श के उपरान्त समिति के द्वारा आय–व्ययक पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि आय एवं व्यय के अन्तर रू0 3,65,08,000/– मात्र का अतिरिक्त अनुदान प्राप्त करने हेतु शासन को एक तथ्यपरक प्रस्ताव भी प्रेषित किया जाए।
2. कला एवं शिल्प महाविद्यालय के स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम की अनुमानित आय रू0 75,20,000/– के सापेक्ष अनुमानित व्यय रू0 75,20,000/– का आय–व्ययक समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसपर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।
3. कला एवं शिल्प महाविद्यालय के आयोजनागत पक्ष से सम्बन्धित कुल रू0 5,78,25,000/– मात्र की कार्य योजनाएं समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की गयीं, जिस पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**<u>मा0 अध्यक्ष महोदय की सहमति से अन्य बिन्दुः–</u>**

**बिन्दु संख्या–1**

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में संचालित फैक्ल्टी ऑफ इंजीनियरिंग (बी.टेक) में छात्र/छात्राओं से ली जाने वाली शुल्क प्रति विद्यार्थी रू0 80,000/–प्रतिवर्ष को वित्त समिति के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–2**

लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ की माँग एवं परीक्षा नियंत्रक के प्रस्ताव दिनांक 19.05.17 पर मा0 कुलपति जी ने दिनांक 19.05.17 को उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु वाहन भत्ते को रू0 50/– प्रति पचास उत्तर पुस्तिकाओं के स्थान पर रू0 100/– प्रति पचास उत्तर पुस्तिकाओं एवं अवकाश के दिनों में कक्ष निरीक्षण एवं सचल दल के लिए स्वीकृत धनराशि रू0 40/– के स्थान पर रू0 100/– किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी थी, को वित्त समिति के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

**बिन्दु संख्या–3**

एम.बी.ए. पांच वर्षीय पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से लिए जाने वाला शुल्क (MBA 5 year 1-6 Semester Rs. 30,000 and for VII to X Semester Rs. 75,000) प्रति सेमेस्टर

28/8 28/8/17 28/8/2017 28/08/17

55

लिए जाने पर कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु वित्त समिति के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–4**

वित्तीय वर्ष 2017 में प्रवेशित छात्र/छात्राओं से बी.ए. आनर्स में पाठ्यक्रम में रू0 15,000/– प्रति सेमेस्टर शुल्क लिए जाने पर कार्योत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–5**

वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2017–18 मे एम.ए. (शिक्षा शास्त्र, मनोविज्ञान एवं अर्थ शास्त्र) विभाग में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में ली जाने वाली शुल्क एम.ए. शिक्षा शास्त्र रू0 25,000/–एम.ए. मनोविज्ञान रू0 25,000/– तथा एम.ए. अर्थशास्त्र में रू0 18,000/– लिए जाने पर कार्योत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–6**

बी.एल.एड. चार वर्षीय पाठ्यक्रम जोकि वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2017–18 से लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रारम्भ किया जा रहा है के शुल्क को प्रथम वर्ष में रू0 40,000/–. एवं द्वितीय वर्ष में रू0 30,000/–उसके उपरान्त प्रतिवर्ष रू0 25,000/– (कुल रू0 1,20,000/–) निधार्रित किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–7**

लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक/परास्नातक/प्रबन्धकीय पाठ्यक्रमों के प्रवेश हेतु तैयार किये गये आय–व्ययक अनुमान जिस पर मा0 कुलपति महोदय की स्वीकृति दिनांक 22 मई, 2017 को प्राप्त है पर कार्योत्तर स्वीकृति हेतु वित्त समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

अध्यक्ष महोदय द्वारा मा0 सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| (के.सी. राय शर्मा)<br>संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा,<br>उ0प्र0 शासन | (केशव प्रसाद)<br>उप–सचिव (वित्त),<br>उ0प्र0 शासन | 28/08/2017<br>(प्रो0 पी. सी. मिश्र)<br>वित्त अधिकारी |
| 28/8/2017<br>(डा0 आर. के. सिंह)<br>कुलसचिव | (प्रो0 यू. एन. द्विवेदी)<br>प्रति–कुलपति | 28/8/17<br>(प्रो0 ए. के. शर्मा)<br>परीक्षा नियंत्रक |

28/8<br>(डा0 एस.पी. सिंह)<br>कुलपति